**(iv) Regarding installation of BSNL towers in Amreli district, Gujrat**

**श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली):** मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली जिले मे विशेषकर ग्रामीण भाग मे BSNL के ग्राहको के हालात काफी दयनीय है। अमरेली मे सर्कल/हेड ऑफिस की ओर से समय पर केबल्स और मटीरियल्स की कमी के कारण ग्रामीण क्षेत्र मे 15 –15 दिन तक मोबाइल टावर बंद रहते है | वर्तमान मे अमरेली बी.एस.एन.एल. मे (1) 3g बीटीएस कार्ड फ्रेम ट्रे – 05 नम्बर और सीसीएम् कार्ड – 5 नम्बर और (2) बैटरी सेट 200Ah और 400Ah के 30 नम्बर की कमी होने के कारण ग्रामीण क्षेत्र मे टावर का बेकअप प्लान बंद पड़ा हुआ है । जिस कारण से जब भी बिजली गुल होती है तब बिजली के साथ साथ टावर भी बंद हो जाता है | तदउपरांत अमरेली जिले मे साल 2020 मे करीबन 180 का स्टाफ कार्यरत था, लेकिन दिसम्बर-2020 मे VRS स्कीम लागू किया गया जिसके चलते एक ही दिन मे अमरेली के 111 कर्मचारियो को एक साथ रिटायर्ड किया गया | इसी कारण वर्तमान मे अमरेली जिले मे सिर्फ 75 का स्टाफ ही कार्यरत है एवं जिले के 18 टेलीफोन एक्सचेंज मे कोई भी कर्मचारी नहीं होने के कारण ये सभी एक्सचेंज भी बंद हालात मे है | साल 2014 मे अमरेली जिले मे करीबन 24,223 लेंडलाइन कनेक्शन एक्टिव थे, लेकिन हेड ऑफिस से केबल्स एवं मटीरियल्स न मिलने के कारण वर्तमान मे सिर्फ 3,869 लेंडलाइन कनेक्शन ही एक्टिव है - वो भी धीरे धीरे और कम हो रहे है | आपको व्यक्तिगत रूप से बताना चाहता हु की, मैंने साल 2014 से अबतक BNSL मे करीबन 47 नए टावर के लिए सिफ़ारिश की है, जिनमे से हेड ऑफिस की ओर से अबतक 21 टावर मंजूर किए गए है वो भी मुझे जानकारी दिये बिना ,क्योंकि अमरेली जिले के जिस क्षेत्र/गाँव मे टावर की सब से ज्यादा जरूरत थी और जहाँ टावर लगाये जाने की मेरे द्वारा सलाह दी गयी थी वहां पर अभी तक कवरेज की कोई व्यवस्था नहीं है जिस कारण से लोग परेशान हो कर BSNL से नाता तोड़कर प्राइवेट कंपनी के साथ जुड़ रहे है | अतः माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि अमरेली जिले के लोगो के हित मे इन सभी मुद्दो पर जल्द से जल्द कार्यवाही की जाये |